AusNet

# अपने गैस हीटर को चालू करने में कितना शुल्क आता है?

**बिल के झटके से बचें। केवल तीन कदमों में अपने प्रतिघंटा हीटिंग शुल्क की गणना करें।**

आपके रिटेलर के साथ आपकी ऊर्जा योजना के आधार पर यूसेज रेट्स अलग-अलग होती हैं। यह मार्गदर्शिका आपके हीटिंग के उपयोग शुल्क की गणना करती है और इसमें दैनिक आपूर्ति शुल्क शामिल नहीं है, जो आपकी संपत्ति में गैस की आपूर्ति के लिए नियत प्रतिदिन शुल्क होता है।

## कदम 1 अपनी रेट्स देखें

अपनी 'Usage' दर के लिए देखें, इसे 'general usage' या 'single rate' या इसी तरह कुछ अन्य शब्दों में भी प्रदर्शित किया जा सकता है। यदि आपके बिल में उपयोग के अलग-अलग 'Steps' की सूची दी गई है, तो इसका अर्थ है कि गैस की प्रति तय राशि के लिए आपसे अलग-अलग राशि ली जाती है। इस गणना के लिए बिल में केवल 'Step 1' की दर का उपयोग करें: यह आपकी शुरुआती लागत है। आप कदम 2 और 3 की दरों के साथ बाद में फिर से गणना कर सकते/ती हैं। MJ/h सेंट में प्रदर्शित किया गया है।

**उदाहरण:** इस बिल में यह 4 सेंट प्रति मेगाजूल दिया गया है।

उदाहरण:





## कदम 2 अपने हीटर की ऊर्जा खपत पता करें

यूनिट पर मेगाजूल प्रति घंटा (MJ/h) प्रदर्शित करने वाले स्टिकर के लिए देखें। गैस डक्टेड हीटिंग के लिए, कभी-कभी यह स्टिकर कंट्रोल पैनल पर या यूनिट पर ही लगा हो सकता है। यदि आपको स्टिकर नहीं मिल रहा है, तो "gas input values" के लिए ऑनलाइन हीटिंग मॉडल की खोज करें।

**उदाहरण:** यह गैस हीटर 20MJ/h का उपयोग करता है।

उदाहरण:




## कदम 3 गणना करें

अपने बिल से प्राप्त यूसेज रेट संख्या को अपने हीटर की MJ/h ऊर्जा खपत से गुणा करें। यदि आपकी गैस दरें steps में दी गई हैं, तो लागतों के बेहतर अनुमान के लिए इस गणना को अलग-अलग आंकड़ों के साथ फिर से करना न भूलें।

**उदाहरण:** इस बिल में दी गई गैस यूसेज रेट 4 सेंट प्रति MJ/h है और यह गैस हीटर 20 MJ/h का उपयोग करता है। 4 सेंट x 20 = 80 सेंट। इस गैस हीटर के लिए शुल्क 80 सेंट प्रतिघंटा है।

उदाहरण:

| $0.04 | x | 20 | = | $0.80 |
|---|---|---|---|---|
| **यूसेज रेट**<br>सेंट प्रति घंटा | | **ऊर्जा खपत दर**<br>मेगाजूल प्रति घंटा (MJ/h) | | **प्रति घंटा लागत** |

आप अपने घर में किसी भी गैस के उपकरण के लिए इन गणनाओं का उपयोग कर सकते/ती हैं। प्रति घंटा लागत पता होने से आप हीटरों के बीच तुलना कर सकते/ती हैं, सस्ती सेटिंग्स चुन सकते/ती हैं और अपने ऊर्जा के उपयोग को नियंत्रित कर सकते/ती हैं। गर्माहट के साथ रहें और अपने खर्च पर नियंत्रण रखें।

**ausnet.com.au/gas-hindi पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें।**